50% बाजार हिस्सेदारी की राह पर वेदांता एल्यूमिनियम

वेदांता एल्यूमिनियम, जो भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक कंपनी है और प्राथमिक उत्पादकों में घरेलू बाजार का लगभग आधा हिस्सा रखती है, देश में तेजी से बढ़ती एल्यूमिनियम मांग का लाभ उठाने की मजबूत स्थिति में है । अभी कपंनी एल्यूमिनियम के प्राथमिक उत्पादकों में घरेलू बाजार का लगभग आधा हिस्सा रखती है, दरअसल देश में एल्यूमिनियम की मांग बहुत तेजी से बढ़ रही है,भारत में एल्यूमिनियम की मांग सालाना 6% की दर से बढ़ रही है, जोकि दुनिया की औसतन एल्यूमिनियम की मांग से बहुत ज़्यादा है। इस मांग को पूरा करने के लिए कंपनी अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ा रही है, साथ ही कैप्टिव खदानों को चालू करने की योजना पर भी काम कर रही है। कंपनी बढ़ती एल्यूमिनियम की मांग को पूरा करने के लिए भारत एल्यूमिनियम कंपनी (बाल्को) के स्मेल्टर की क्षमता 435 KT बढ़ाकर 10 लाख टन करने की योजना पर काम कर रही है, जिससे बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी। दरअसल एल्यूमिनियम के निर्यात से ज़्यादा फायदा उसको घरेलू बाजार में बेचने पर है, इससे कंपनी के मार्जिन में भी सुधार की उम्मीद है। इसके साथ ही कंपनी हाई मार्जिन वाले वैल्यू एडेड प्रोडक्ट बनाने की दिशा में भी काम कर रही है, कंपनी अपनी कुल बिक्री में इन उत्पादों की हिस्सेदारी 90% से अधिक करने की कोशिश कर रही है।